Title: Need to establish an apex Indian National Rural Bank for coordinating the functioning of all Regional Rural Banks.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी : अध्यक्ष महोद्य, मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कर्मचारियों की दुर्दशा की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। क्षेत्रीय बैंक के कर्मचारियों को अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग वेतन और सुविधाएं मिलती हैं। मैं चाहता हूं कि समस्त क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कर्मचारियों का पुनर्गठन करके उनके लिए एक राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना की जाए ताकि समान काम के लिए समान वेतन की नीति का क्रियान्वयन हो सके। इसके साथ-साथ मैं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों को प्रवर्तक बैंक के कर्मचारियों की भांति वेतन, भत्ता और सुविधाएं दिलाए जाने की मांग करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

अध्यक्ष महोद्यः आपकी सही डिमांड है।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: We have covered 38 matters today.

श्री अवतार सिंह भडाना (फरीदाबाद) : अध्यक्ष महोद्य, एक मिनट के लिए मुझे भी बोलने दीजिए।

अध्यक्ष महोद्यः मैंने जो अच्छा काम किया है, उसके बारे में भी बोलिए।

The House stands adjourned for Lunch to meet at 2.10 p.m.

13.08 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Ten Minutes

past Fourteen of the Clock.